**Series SHC/1**

Code No. / कोड नं. **61/1/1**

Roll No. / रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **3** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10** + **3** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# HISTORY
# इतिहास

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks: 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***General Instuctions :***

*(i)* *Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*

*(ii)* *Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

*(iii)* *Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*

*(v)* *Attach the maps with the answer scripts.*

*(vi)* *Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*

*(ii)* ***2*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक न हो।*

*(iii)* ***5*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक न हो।*

*(iv)* ***8*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***250*** *शब्दों से अधिक न हो।*

*(v)* *मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।*

*(vi)* *जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

## Modern India
## आधुनिक भारत

**1.** Explain briefly any two achievements of the Saiyid brothers. 2

सैयद बन्धुओं की किन्हीं दो उपलब्धियों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

**2.** Explain briefly any two causes for the growth of militant nationalism in the Indian National Movement. 2

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उग्र राष्ट्रवाद के विकास के दो कारणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

**3.** Mention briefly any two basic principles of the Indian Constitution. 2

भारत के संविधान के किन्हीं दो मूल सिद्धान्तों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

**4.** State the general condition of peasants during the first half of 19th century. What made many of the peasants to join the Revolt of 1857 ? 2+3=5

उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में किसानों की सामान्य स्थिति का उल्लेख कीजिए। 1857 के विद्रोह में अनेक किसानों के सम्मिलित होने के क्या कारण थे ?

**5.** Why was the Act of 1858 passed by the British Parliament ? Explain three main features of this Act. 2+3=5

**OR**

Explain the main three causes which led to the Nepal War of 1814. Also explain any two main consequences of the war. 3+2=5

ब्रिटिश संसद द्वारा 1858 का अधिनियम क्यों पारित किया गया? इस अधिनियम की तीन प्रमुख विशेष्ज्ञताओं को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

1814 के नेपाल युद्ध के प्रमुख तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। इस युद्ध के किन्हीं दो प्रमुख परिणामों को भी स्पष्ट कीजिए।

**6.** Explain how did the 19th century reform movements contribute to the national awakening in the country ? Name any two main reform movements of this period. 3+2=5

स्पष्ट कीजिए कि उन्नीसवीं शताब्दी के सुधार आंदोलनों ने देश में राष्ट्रीय चेतना पैदा करने में अपना योगदान कैसे दिया? इस युग के किन्हीं दो प्रमुख सुधार आंदोलनों के नाम का उल्लेख कीजिए।

**7.** Critically evaluate the basis of struggle against the INA trial after the Second World War. Also explain two main implications of the struggle. 3+2=5

**OR**

Assess the significance of Civil Disobedience Movement (1930-1934) to India's struggle for independence. 5

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद आज़ाद हिन्द फौज (INA) के विरुद्ध मुकदमा चलाए जाने के विरोध में हुए संघर्ष का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। इस संघर्ष के दो प्रमुख निहितार्थों को भी स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत के स्वतन्त्रता संघर्ष में सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930-1934) के महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए।

**8.** Examine the main causes for launching the Non-Cooperation Movement. Why was the movement suspended in 1922 ? 3+2=5

**OR**

Examine the main achievements of the Congress ministries of 1937. Mention two states where such ministries had been formed. 3+2=5

असहयोग आंदोलन प्रारम्भ किए जाने के प्रमुख कारणों की समीक्षा कीजिए। 1922 में इस आंदोलन को स्थगित कर दिये जाने का क्या कारण था?

**अथवा**

1937 के कांग्रेस मंत्रिमंडलों की प्रमुख उपलब्धियों की समीक्षा कीजिए। ऐसे दो राज्यों के नाम लिखिए जिनमें कांग्रेस मंत्रिमंडल गठित हुए थे।

**9.** Explain any two reasons for Anglo-French struggle in South India. Also explain four causes for the success of the British in this struggle. 2+6=8

**OR**

Why was Pitt's India Act passed in 1784 ? Explain the main provisions of this Act. 2+6=8

दक्षिण भारत में अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के बीच संघर्ष के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। इस संघर्ष में अंग्रेजों की सफलता के चार कारणों की भी व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

1784 में पिट का भारत अधिनियम (पिट्स इंडिया एक्ट) क्यों पारित किया गया? इस अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की व्याख्या कीजिए।

**10.** What is meant by the system of separate electorates ? When was the system introduced in India ? Describe the main implications of the system 2+1+5=8

**OR**

Describe how did foreign domination contribute to the rise of Indian nationalism in the late 19th century ? Mention any two main nationalist organizations of the time. 6+2=8

पृथक् निर्वाचक प्रणाली का क्या आशय है? भारत में यह प्रणाली कब प्रारम्भ हुई? इस प्रणाली के प्रमुख निहितार्थों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में भारतीय राष्ट्रवाद के उत्थान में विदेशी प्रभुत्त्व के योगदान का वर्णन कीजिए। उस युग के किन्हीं दो प्रमुख राष्ट्रवादी संगठनों के नाम लिखिए।

**11.** Read the following passage and answer the questions that follow :

In a famous article in his weekly journal, 'Young India' Gandhiji wrote : "Non-violence is the law of our species, as violence is the law of the brute", but that "where there is only a choice between cowardice and violence .... I would rather have India resort to arms in order to defend her honour, than that she should, in a cowardly manner, become or remain a helpless witness to her own dishonour."

11.1 In which context Gandhiji wrote this article ?

11.2 When can one resort to violence according to Gandhiji ?

11.3 What were Gandhiji's ideas about non-violence ? 2+2+4=8

**OR**

What is referred to as the 'Jallianwala Bagh massacre' ? When did it take place ? Describe its impact on the national movement. 2+1+5=8

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके अंत में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अपने प्रसिद्ध साप्ताहिक पत्र 'यंग इंडिया' में एक प्रसिद्ध लेख में गांधीजी ने लिखा : ''अहिंसा हमारी मानव जाति का कानून है, जैसे कि हिंसा पशुओं का है किन्तु जब कायरता और हिंसा के बीच चुनाव करना हो ... तो भारत को कायरतापूर्वक अपने असम्मान का असहाय साक्षी बनने की अपेक्षा अपने सम्मान की रक्षा के लिए हथियारों का उपयोग करना होगा।

11.1 गाँधीजी ने उपर्युक्त लेख किस संदर्भ में लिखा ?

11.1 गाँधीजी के अनुसार कोई हिंसा पर कब उतारू हो सकता है ?

11.1 अहिंसा के बारे में गाँधीजी के क्या विचार थे ?

**अथवा**

'जलियावाला बाग हत्याकांड' से क्या तात्पर्य है? यह घटना कब घटी थी? राष्ट्रीय आंदोलन में इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

**12.** On the given political outline map of India, mark and name any five princely states in 1947. 5

**OR**

On the given political outline map of India, mark and name the following centres of revolt of 1857. 5

12.1 Jhansi

12.2 Barrackpore

12.3 Meerut

12.4 Delhi

12.5 Arrah

भारत के संलग्न राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, 1947 में विद्यमान भारत की किन्हीं पाँच देसी रियासतों को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए।

**अथवा**

भारत के संलग्न राजनीतिक रेखा-मानचित्र में 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित केन्द्रों को अंकित कर उनके नाम लिखिए :

12.1 झाँसी

12.2 बैरकपुर

12.3 मेरठ

12.4 दिल्ली

12.5 आरा

**Note** : The following question is only for the **Blind Candidates** in lieu of Q. No. 12.

Mention any five princely states in 1947. 5

**OR**

Mention any five centres of revolt of 1857. 5

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **नेत्रहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न 12 के स्थान पर है।

1947 में विद्यमान किन्हीं पाँच देसी रियासतों के नाम लिखिए।

**अथवा**

1857 के विद्रोह के किन्हीं पाँच केन्द्रों के नामों का उल्लेख कीजिए।

## Contemporary World History
## समकालीन विश्व इतिहास

**13.** Mention any two points of the famous 'Fourteen Points' of peace proposal of Woodrow Wilson. 2

वुडरो विल्सन के शान्ति प्रस्ताव के प्रसिद्ध 'चौदह सूत्रों' में से किन्हीं दो सूत्रों का उल्लेख कीजिए।

**14.** What was the 'Phoney War' with reference to the Second World War ? 2

दूसरे विश्व युद्ध के संदर्भ में 'वाक युद्ध' (छद्‌म युद्ध) से क्या अभिप्राय था ?

**15.** Mention any two changes that took place in Soviet Union shortly after the death of Stalin. 2

स्टालिन की मृत्यु के तुरन्त बाद सोवियत संघ में हुए किन्हीं दो परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।

**16.** Why was the invention of aeroplanes considered to be a breakthrough in the field of science and technology ? 2

**OR**

Mention any two features of renaissance in Asian literature. 2

विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में वायुयान के आविष्कार को एक विशेष महत्त्वपूर्ण घटना क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

एशियाई साहित्य में पुनर्जागरण की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**17.** When and by whom was the manifesto of Communist Party written ? 2

**OR**

In what way has technology helped in the proper distribution of perishable goods in distant places ? 2

कम्युनिस्ट पार्टी के घोषणा-पत्र की रचना कब और किसने की थी?

**अथवा**

शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री को दूरस्थ स्थानों में समुचित वितरण में तकनीकी ने किस प्रकार सहायता पहुँचाई है?

**18.** Why was the exhibition of rejected paintings held in France in 1861 ? 2

**OR**

How does the ability to split the atom spell disaster as well as prove a boon to mankind ? 2

1861 में फ्रांस में बहिष्कृत चित्रों की प्रदर्शनी क्यों आयोजित की गई थी?

**अथवा**

परमाणु को विखंडित कर सकने की योग्यता मनुष्य के लिए विनाशकारी होने के साथ-साथ वरदान भी किस प्रकार सिद्ध हुई है?

**19.** Explain the meaning of contemporary history and any three of its characteristics. 3+2=5

**OR**

Explain the causes of Russian revolution and two of its impacts on the world. 3+2=5

समकालीन इतिहास का आशय स्पष्ट कीजिए। इसकी विशेषताओं में से किन्हीं तीन की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

रूसी क्रांति के कारणों की तथा विश्व पर पड़े इसके दो प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

**20.** What was the Poland Question which led to the Second World War in September 1939 ? Why was the Soviet Russia reluctant to help Poland ? 3+2=5

**OR**

What is meant by the 'Negritude' Movement ? Explain any three main outcomes of this movement. 2+3=5

पोलैंड मुद्दा क्या था जिसके परिणामस्वरूप सितम्बर 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध प्रारम्भ हुआ ? सोवियत रूस पोलैंड की सहायता करने में क्यों झिझक रहा था ?

**अथवा**

'नेग्रीच्यूड' आंदोलन का क्या आशय है? इस आंदोलन के किन्हीं तीन प्रमुख परिणामों की व्याख्या कीजिए।

**21.** Critically examine the basis of war in Korea soon after the Second World War and name two foreign countries involved in the war. 3+2=5

द्वितीय विश्व युद्ध के तुरन्त बाद कोरिया के युद्ध के आधार की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए तथा इस युद्ध में उलझे किन्हीं दो विदेशी राष्ट्रों के नाम लिखिए।

**22.** When did the US formally join the Second World War ? Mention the incident which compelled her to join the war. Explain the US attitude to the war before joining it. 1+2+5=8

**OR**

Give the basic objectives of Non-Aligned Movement as laid down at the first conference. What is the relevance of NAM today ? 4+4=8

संयुक्त राज्य अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में औपचारिक रूप से कब सम्मिलित हुआ ? उस घटना का उल्लेख कीजिए जिससे वह युद्ध में शामिल होने को बाध्य हुआ। युद्ध में शामिल होने से पूर्व युद्ध के प्रति अमेरिका के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

गुट-निरपेक्ष आंदोलन के प्रथम सम्मेलन में उद्‌घोषित उसके मूल उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। इस आंदोलन की आज क्या प्रासंगिकता है?

**23.** On the political outline map of Asia mark and name any five British colonies in 1914. 5

**OR**

On the political outline map of Europe mark and name any two allied countries of Germany, two of Britain and one neutral country in 1914. 5

एशिया के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर 1914 में ब्रिटेन के किन्हीं पाँच उपनिवेशों को अंकित कर उनके नाम लिखिए।

**अथवा**

यूरोप के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर 1914 में जर्मनी और ब्रिटेन के दो-दो मित्र राष्ट्रों तथा एक तटस्थ राष्ट्र को अंकित कर उनके नाम लिखिए।

**Note** : The following question is only for the **Blind Candidates** in lieu of Q. No. 23.

Mention any five British colonies in Asia in 1914. 5

**OR**

Mehtion any two allied countries of Germany, two of Britain and one neutral country in 1914. 5

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **नेत्रहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न 23 के स्थान पर है।

ब्रिटेन के 1914 में एशिया में स्थित किन्हीं पाँच उपनिवेशों के नाम लिखिए।


**अथवा**

1914 में जर्मनी और ब्रिटेन के दो-दो मित्र राष्ट्रों तथा एक तटस्थ राष्ट्र का नाम लिखिए।

यहां से काटें ------ Cut Here ------ यहां से काटें

For Question No. 12

प्रश्न सं. 12 के लिए




यहां से काटें ---------- Cut Here ---------- यहां से काटें

For Question No. 23 प्रश्न सं. 23 के लिए

ASIA - POLITICAL

एशिया - राजनीतिक



यहां से काटें - - - - Cut Here - - - - यहां से काटें

For Question No. 23 (OR)

प्रश्न सं. 23 के लिए (अथवा)

